साईं करना कर्म

साईं करना कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना,
पाऊ प्यार तेरा, पाया हनुमत ने राम जी से जितना,
साईं करना कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना।

साईं मेरा बनो तुम सहारा,
तुम बिन कोई नही है हमारा,
तेरी रहमत का दरिया है इतना बड़ा,
मेरे जीवन का तू ही किनारा,
रहू खुश मैं सदा चाहे गम ये सताए मुझे कितना,
साईं करदो कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना।

बाबा लेलो जन्म तुम दोबारा,
पावन शिर्डी है धाम तुम्हारा,
सचे मन से जिसने भी नाम जपा,
उसका चमका है पल में सितारा,
प्रेम दास तेरा प्यार करता है बाबा तुम्हे कितना,
साईं करदो कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना।

साईं करना कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना,
पाऊ प्यार तेरा, पाया हनुमत ने राम जी से जितना,
साईं करना कर्म, नए साल पे इतना,
बाबा करदो कर्म, नए साल पे इतना।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24720/title/sai-karna-karam

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |